कक्षा 5 पाठ४

(प्रश्न १) पंक्तियां पूरी कीजिए-

क-सूरज ने क्योंबंद कर लिया
अपने घर का दरवाज़ा।
उसकी मां ने भी क्या उसको
बुला लिया कहकर आ जा।

ख-बिजली के आंगन में अम्मा
चलती है किसकी तलवार
कैसी चमक रही हैफिर भी
क्यों खाली जाते हैं वार?

(प्रश्न ३) नीचे दिए प्रश्नों के उत्तर लिखिए-

क-वर्षा होते देख बालक क्या कल्पना करता है?

उत्तर-वर्षा होते देख बालक यह कल्पनाकरता है कि शायद किसी ने बादल के घड़े फोड़ दिए हैं तभी यह बारिश हो रही है।

ख-बालक बिजली के घर क्यों जाना चाहता है?

उत्तर-बालक बिजली के घर उसके बच्चों को तलवार चलाना सिखलाने जाना चाहता है।

ग-पुलिस मैन किससे डर जाएंगे?

उत्तर-पुलिसमैन चमकती तलवार देखकर डर जाएंगे।

घ-मां बालक को क्या मंगाने का वादा करती है?

उत्तर-मां बालक को एक चमकती हुई तलवार मंगा कर देने का वादा करती है।

भाषा से

(प्रश्न १) सही वर्तनी पहचान कर खाली स्थान में लिखिए-

क-छुट्टियॉ,छुट्टीयॉ,छुट्टियॉ-छुट्टियॉ

ख-प्रकृती, प्रकृति,प्रकृइति-प्रकृति

ग-पचि्छम,पश्चीम,पश्चिम-पश्चिम

घ-परेशानि, परेशानी,परेषानी-परेशानी

ङ-क्योंकि, कियोकि,क्योंकी-क्योंकि

(प्रश्न २) नीचे दिए गए शब्दों के दो दो पर्यायवाची शब्द लिखिए-

सूरज-रवि, दिनकर

तलवार-कृपाण, खड्ग

पानी-जल, नीर

धरती-पृथ्वी, धरा

बादल-मेघ, घन

बिजली-दामिनी, तडित

(प्रश्न ३) नीचे दिए गए संज्ञा शब्दों के लिए उपयुक्त विशेषण शब्द लिखिए-

ठंडी हवा।　　कडी धूप

तेज बरसात।　　प्यारी अम्मा

नीला आसमान।　　तेज तलवार